बिहार सरकार

गृह विभाग (आरक्षी शाखा)

# केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार

(विबसाइट –https://csbc.bihar.gov.in )

**संदर्भ : विज्ञापन संख्या 01/2026**

**विषय : लिखित परीक्षा एवं ई–प्रवेश–पत्र संबंधी सूचना**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन संख्या 01/2026 (दिनांक 29.01.2026) के तहत विशेष शाखा, बिहार में सिपाही (सामान्य बंद संवर्ग) में 'सिपाही' के 83 पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा दिनांक **24.06.2026** को निर्धारित की गयी है।

2. एतद द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि **विज्ञापन संख्या 01/2026 की लिखित परीक्षा** निम्नांकित समयसारणीनुसार राज्य के 38 राजस्व जिलों में अवस्थित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जायेगी –

| परीक्षा की तिथि | पेपर | परीक्षा अवधि (3 घंटे) | अभ्यर्थियों का रिपोर्टिंग टाईम |
|---|---|---|---|
| 24.06.2026 (बुधवार) | 1st Paper<br>2nd Paper | **10:00** बजे पूर्वाह्न से **13:30** बजे अपराह्न | 08:00 बजे पूर्वाह्न से 09:00 बजे पूर्वाह्न तक |

**नोट :** यह परीक्षा एकल पाली में दो प्रश्न पत्रों के लिए लगातार बैठकों में 30 मिनट के अंतराल पर आयोजित की जाएगी। दोनों प्रश्न पत्रों की लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को **एक ही प्रवेश पत्र** निर्गत किया जाएगा। दोनों प्रश्न पत्रों की परीक्षा में अभ्यर्थियों का सम्मलित होना अनिवार्य है। अतः प्रथम प्रश्न पत्र के समय परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने के उपरांत द्वितीय प्रश्न पत्र की परीक्षा समाप्ति के उपरांत ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र छोड़ने की अनुमति होगी। दोनों प्रश्न पत्रों की लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों को अपनी उपस्थिति एवं बॉयोमेट्रिक अलग–अलग दर्ज करनी अनिवार्य है।

3. **प्रश्न–पत्र एवं ऋणात्मक अंकन(Negative Marking)** – 90–90 मिनट के दो प्रश्न पत्र की इस परीक्षा में कुल 100–100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रत्येक प्रश्न का मान एक (01) अंक होगा। ऋणात्मक अंकन इस परीक्षा में लागू है। वर्णित दोनों प्रश्न पत्रों में प्रत्येक सही उत्तर के लिए 01 अंक दिये जायेंगे एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काटा जायेगा। प्रश्न पुस्तिका को परीक्षा केन्द्र से बाहर ले जाने की अनुमति नहीं है। ओ0एम0आर0 शीट तीन प्रतियों में होगी, प्रथम प्रति मूल प्रति (Original Copy), द्वितीय एवं तीसरी प्रति कार्बनलैस प्रति होगी। जिसमें तीसरी कार्बनलैस प्रति अभ्यर्थियों को उपलब्ध करा दी जाएगी, जिसे वे अपने साथ ले जा सकते हैं। प्रथम एवं द्वितीय प्रति अभ्यर्थियों को अपने साथ ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

4. **<u>प्रवेश–पत्र संबंधी निर्देश</u>** – (i) इस परीक्षा में अभ्यर्थियों को प्रवेश पर्षद द्वारा निर्गत e-Admit Card के आधार पर दिया जाएगा। **बिना प्रवेश–पत्र के परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।**

(ii) अभ्यर्थी दिनांक 11.06.2026 से पर्षद की वेबसाईट **https://csbc. bihar. gov.in** पर अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर अथवा आवेदन के साथ रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर तथा जन्म तिथि प्रविष्ट कर परीक्षा की तिथि एवं परीक्षा केन्द्र के जिला की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

(iii) **<u>ई–प्रवेश–पत्र डाउनलोड</u>** – अभ्यर्थी निम्न समयसारणीनुसार अपने प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते हैं –

| **परीक्षा की तिथि** | **प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने की तिथि एवं समय** | |
|---|---|---|
| | **प्रारम्भ** | **समाप्ति** |
| 24.06.2026<br>(बुधवार) | 18.06.2026<br>समय 00:00 बजे पूर्वाह्न | 24.06.2026<br>समय 09:00 बजे पूर्वाह्न |

(iv) इस प्रवेश–पत्र में अभ्यर्थी का रौल नम्बर, परीक्षा की तिथि, परीक्षा केन्द्र, नाम, पिता का नाम आदि सूचनाएँ अंकित रहेंगी। अभ्यर्थी उपर्युक्त कार्यक्रमानुसार अपना ई–प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर प्रिंट आउट ले लेंगे। इसके बिना प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

(v) अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र में अंकित निदेशों का ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लेंगे। इनका अनुपालन अनिवार्य है।

(vi) डाक द्वारा प्रवेश–पत्र नहीं भेजा जाएगा।

(vii) परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए ई–प्रवेश–पत्र के साथ अपना एक वैध फोटो पहचान–पत्र जैसे– आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड अथवा मतदाता पहचान–पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। यदि ई–प्रवेश–पत्र पर फोटो स्पष्ट नहीं है या उपलब्ध नहीं है तो ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी **<u>संलग्न प्रपत्र (परिशिष्ट 'क')</u>** में राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित फोटो के साथ ई प्रवेश–पत्र के साथ परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित हों।

(viii) **<u>डुप्लीकेट ई–प्रवेश–पत्र</u>** – जो अभ्यर्थी किसी कारणवश वेबसाइट से ई–प्रवेश–पत्र डाउनलोड नहीं कर सकें, वे निम्नांकित कार्यक्रमानुसार केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के बैक हार्डिंग रोड (सचिवालय हाल्ट के निकट), पटना 800001 स्थित कार्यालय से डुप्लीकेट ई–प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते हैं–

| **परीक्षा की तिथि** | **डुप्लीकेट ई–प्रवेश–पत्र प्राप्त करने की तिथि (प्रातः 10:00 बजे पूर्वाह्न से 17:00 बजे अपराह्न तक)** |
|---|---|
| 24.06.2026<br>(बुधवार) | 22.06.2026<br>(सोमवार) |

अभ्यर्थी अपने आवेदन–पत्र की पावती की छाया प्रति एवं एक वैध फोटोयुक्त पहचान–पत्र के साथ केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के उपर्युक्त कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपने खर्च पर डुप्लीकेट ई–प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

5. **उत्तर पत्रक (OMR Sheet) संबंधी निर्देश –**

(क) लिखित परीक्षा से संबंधित उत्तर पुस्तिका (OMR Sheet) का प्रतिरूप (specimen) अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए संलग्न (**परिशिष्ट – 'ख'**) है। OMR sheet में हस्ताक्षर, प्रश्न पुस्तिका नम्बर, रौल नम्बर एवं अनुच्छेद लिखना अनिवार्य है। देखने में आया है कि कभी–कभी अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में ओ0एम0आर (OMR) आधारित उत्तर पुस्तिका पर वांछित सूचनाएँ (यथा – रौल नम्बर, प्रश्न पुस्तिका नम्बर, अनुच्छेद लेखन तथा हस्ताक्षर) की प्रविष्टि दिये गये निर्देशों/ अनुदेशों के अनुसार नहीं की जाती है जिस कारण अभ्यर्थिता रद्द हो जाती है एवं उनकी उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जाता है।

(ख) उपर्युक्त त्रुटियों से बचाव हेतु अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा से पूर्व वेबसाइट पर प्रकाशित विज्ञापन में दिये गये लिखित परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण निर्देशों का अध्ययन कर लें एवं उत्तर पत्रक (OMR Sheet) के प्रतिरूप (Specimen copy) पर पूर्वाभ्यास कर लें, ताकि इन त्रुटियों से बचाव हो सके और आपकी उत्तर पुस्तिका अमान्य न हो।

(ग) प्रश्न पुस्तिका को परीक्षा केन्द्र से बाहर ले जाने की अनुमति नहीं है। ओ0एम0आर0 शीट की तीसरी प्रति अभ्यर्थियों को उपलब्ध करा दी जाएगी, जिसे वे अपने साथ ले जा सकते हैं।

6. **लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम** – विज्ञापन की कण्डिका 5(क)(iv) के अनुरूप होगा।

7. **महत्वपूर्ण निर्देश –**

**(i)** अभ्यर्थियों को पूर्वाह्न 09:00 बजे तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी अर्थात परीक्षा से 1 घंटा पूर्व प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। दोनों प्रश्न पत्रों की परीक्षा अवधि की समाप्ति के पश्चात् Used OMR Sheet को सील बंद कराने के पश्चात् ही वे परीक्षा कक्ष छोड़ सकेंगे।

**(ii)** इस परीक्षा में अभ्यर्थियों को औपबंधिक रूप से प्रवेश की अनुमति दी गयी है।

**(iii)** ऑनलाईन आवेदन में अंकित तथ्यों की विधिवत जाँच/ सत्यापन के पश्चात् अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता पर पर्षद द्वारा निर्णय लिया जाएगा। आवेदन में अंकित तथ्यों के किसी भी समय जाँच के क्रम में अन्यथा पाये जाने की स्थिति में अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है।

**(iv)** अभ्यर्थियों को ओ0एम0आर0 शीट में अंकन हेतु पैन प्रश्न–पुस्तिका के साथ ही उपलब्ध कराया जायेगा। अतः **परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थी के साथ किसी भी प्रकार की लेखन सामग्री ले जाने पर निषेध रहेगा।**

**(v)** परीक्षा केन्द्र परिसर, जहाँ परीक्षा होनी है, में मोबाईल, ब्लूटूथ, वाई–फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पैन, पेजर, Wrist Watch (सामान्य/Smart) आदि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को लेकर जाना एवं उपयोग में लाना वर्जित है। परीक्षा केन्द्र में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा अन्य अवांछित सामग्री ले जाने पर उसे कदाचार मानते हुए बिहार लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 एवं भारतीय न्याय संहिता, 2024 के तहत आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

**(vi)** यह परीक्षा विज्ञापन संख्या 01/2026 के तहत आयोजित की जा रही है, अतः सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि उन्होंने विज्ञापन एवं उसमें अंकित सूचनाओं, निदेशों, शर्तों एवं चेतावनियों आदि का सम्यक अध्ययन कर लिया है।

**अनुलग्नक–**

1. **परिशिष्ट 'क' – कण्डिका 4(Vii) अनुसार घोषणा प्रपत्र।**
2. **परिशिष्ट 'ख' – OMR Sheet का नमूना ।**

ह0/–

**अध्यक्ष**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

बिहार

**ज्ञापांक 25 /के0च0प0(सू0)**

**संचिका संख्या –08/के0च0प0 (परीक्षा शाखा) 26/2025**

**केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार**

**05, हार्डिंग रोड, पटना 800001**

**दिनांक 20/05/2026**

**परिशिष्ट 'क'**

## केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार, पटना

### विज्ञापन संख्या – 01/2026

### घोषणा पत्र

मैं, ............................................................. पिता/ पति का नाम............................................ ........... अनुक्रमांक .......................................... एतद द्वारा घोषणा करता/ करती हूँ कि मैं दिनांक.................... को आयोजित केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) प्रतियोगिता परीक्षा का/ की अभ्यर्थी हूँ। उक्त परीक्षा से संबंधित ई–प्रवेश पत्र में मेरा फोटो/ हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/ अपठनीय/ रिक्त है, जिसके सत्यापन में इस घोषणा–पत्र के निर्दिष्ट स्थान पर चिपकाया गया राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित फोटो एवं हस्ताक्षर (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) मेरा ही है, किसी अन्य व्यक्ति का नही है। तत्संबंधी उपर्युक्त अंकित रौल नं0 के पक्ष में समर्पित ऑनलाईन आवेदन में दी गई सभी सूचनाएँ/ फोटो/ हस्ताक्षर सत्य एवं सही है।


उपर्युक्त की गयी घोषणा, फोटो/ हस्ताक्षर किसी अन्य के या गलत पाये जाते हैं तो उसके लिये मैं पूर्णतः जिम्मेवार होऊँगा/ होऊँगी और इसके लिए मेरे विरूद्ध **वैधानिक/ दण्डात्मक** कार्यवाही करते हुए मेरे आवेदन को रद्द कर दिया जायेगा, इसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। मैं पर्षद के सभी नियमों/ निर्णयों का पालन करने के लिए तैयार हूँ।

अभ्यर्थी का अनुक्रमांकः
अभ्यर्थी का नामः
अभ्यर्थी का हस्ताक्षरः

| राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित फोटो चिपकायें |
|---|

**परिशिष्ट 'ख'**

नोटः 1. यह मात्र प्रतीकात्मक है वास्तविक OMR पत्रक इससे भिन्न हो सकता है।


निर्देश : वीक्षक कृपया परीक्षा होने के पश्चात कटलाइन से मोड़े उसके बाद फाड़ें /
INSTRUCTIONS : INVIGILATOR TO PLEASE FOLD AT PERFORATION AND THEN TEAR AFTER EXAMINATION IS OVER.

OMR ANSWER SHEET/OMRउत्तर पत्रक

परीक्षा हॉल में उपलब्ध कराए गए बॉल पॉइंट पेन का ही उपयोग करें। /Use Ball Point Pen that is provided in exam. hall only.

Note : Please read the instruction on the Back side of the duplicate copy of Answer Sheet.

1. प्रश्न पुस्तिका में लिखे अनुच्छेद को पुनः अपनी लिखावट में हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में लिखें।
In your own running handwriting reproduce the paragraph as given in the question booklet either in Hindi or English.

उत्तर पत्रक संख्या / Answer Sheet No.

2. रोल नम्बर / Roll Number

ANSWERS

3. प्रश्न पुस्तिका नं. / Question Booklet No.

यदि अभ्यर्थी नकल या कदाचार (Unfair Means) का दोषी पाया जाता है, तो Invigilator इस गोले को स्वयं भर दें

5. वीक्षक के हस्ताक्षर / Invigilator's Signature

4. परीक्षार्थी के हस्ताक्षर / Candidate's Signature

MW301

SPECIMEN COPY

## अनुदेश / INSTRUCTIONS

**कृपया उत्तर पत्रक में कोई भी प्रविष्टि करने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानी पूर्वक पढ़ लें।**

**PLEASE READ ALL INSTRUCTIONS CAREFULLY BEFORE MARKING ANY ENTRY IN THE ANSWER SHEET**

1. इस उत्तर पत्रक में दो प्रतियां हैं, मूल और इसके नीचे द्वितीय प्रति । उन्हें अलग करने या हटाने की कोशिश न करें।
   This answer sheet consists of two copies, the original copy and the duplicate copy below. Do not attempt to separate or displace them while answering.
2. परीक्षा हॉल में उपलब्ध कराए गए बॉल प्वॉइंट पेन का ही उपयोग करें। अन्य पेन/पेन्सिल की अनुमति नहीं है। दूसरी प्रति को अलग से रंगने की आवश्यकता नहीं है।
   **Use Ball Point Pen that is provided in exam. hall only. Other pens/pencils are not allowed.** It is not required to darken the second copy separately.
3. उत्तर पत्रक में कोई भी अन्य निशान नहीं लगायें । किसी भी अन्य कागज, गणना मशीन और मोबाईल फोन आदि का इस्तेमाल वर्जित है और ऐसा करने पर अयोग्य ठहराया जायेगा।
   Do not put any stray marks anywhere on the answer sheet. Use of any other paper, calculating machine and mobile etc. is prohibited and will lead to disqualification.
4. जरूरत के विवरण सावधानी पूर्वक उत्तर–पत्रक में भरना है। उत्तर–पत्रक में बदलाव की अनुमति नहीं है।
   Carefully fill up all the necessary particulars in the Answer Sheet. Change in answer sheet is not permitted.
5. प्रश्न पुस्तिका में दिये गये अनुच्छेद को उत्तर–पत्रक में दी गयी जगह में अंग्रेजी अथवा हिन्दी में लिखें/नकल करें। OMR उत्तर–पत्रक के मद 4 में अपना हस्ताक्षर अवश्य करें।
   Copy the Paragraph given in your Question Booklet either in English or Hindi in the space given in the Answer Sheet. You must put your signature on OMR answer sheet at column no. 4.
6. अपने रोल नम्बर और प्रश्न पुस्तिका संख्या के अनुसार बॉक्स सं. 2 और 3 को क्रमशः बहुत ही सावधानी से भरें।
   Darken the Circles corresponding to your Roll Number & Question Booklet Number in Box Number 2 & 3 very carefully.
7. बॉक्स के सही गोला/गोलों को रंगते समय नीचे दिये गये रूप में सही गोला/गोलों को रंगें।
   While darkening the appropriate Circle(s) in the boxes, darken the chosen circle(s) fully as given below.


**सही तरीका /CORRECT METHOD**



**गलत तरीका / WRONG METHODS**



8. अभ्यर्थियों को प्रश्नों का उत्तर वैकल्पिक उत्तर A, B, C या D में से देना है। प्रत्येक प्रश्न का एक सही उत्तर चुनना है और उत्तर पत्रक में सही गोला रंगना है। एक बार रंगे हुये गोले को बदलने की अनुमति नहीं है।
   Candidates are to answer questions from the multiple choice answers A, B, C or D. Select the right answer to each question and darken the correct circle on the answer sheet. Once darkened, changes are not permitted.
9. उदाहरण /Example




SPECIMEN